Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 28-10-2021 | अंक 39

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा / चलकुशा | राज्य / देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### बरियौन बिरहोर कॉलोनी में सोना सोबरण योजना के तहत धोती साड़ी लूंगी वितरण

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**

प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरियौन के बिरहोर क०लोनी में बुधवार को बिरहोर समुदाय के बीच चलकुशा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम के द्वारा झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत धोती– साड़ी –लूंगी वितरण किया गया



## सूचना

**अपेम लाइवः बरही**

बरही गया रोड में ओवर ब्रिज के बगल में स्थित बरही प्राइवेट आईटीआई में 20 नवंबर तक नामांकन जारी है। और SC\ST और OBC के बच्चों के लिए दो साल में कल्याण विभाग के द्वारा 18000 की छात्रवृति दी जाएगी। इस बात की सूचना बरही प्राइवेट आईटीआई के संचालक दीपक कुमार ने दी है।




# भोजपुरी फ़िल्म दिल्लगी हमार की शूटिंग शुरू, अपेम आर्ट एंड कल्चर से जुड़े कलाकारों को भी मिला है मौका

## दो दोस्तों के बीच पारिवारिक प्रेम को दिखाता है फ़िल्म दिल्लगी हमार : संतोष राणा

**अपेम लाइव : बरही**
**राज आर्यन / छोटी**

एजीएस आदित्य फ़िल्म , एस राणा फिल्म्स एवं अपेम प्रोडक्शन के बैनर तले बड़े पर्दे की भोजपुरी फ़िल्म दिलग्गी हमार की शूटिंग तथागत फार्म हाउस परिसर में शुरू हुई। मौके पर अपेम मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार एव अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने पूजा अर्चना कर शूटिंग की शुभारम्भ की। इस फ़िल्म में मुंबई, पटना, हज़ारीबाग़, दिल्ली एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर से जुड़े कलाकार अभिनय कर रहे हैं। इस भोजपुरी फ़िल्म में हीरो की भूमिका दिल्ली से आए कलाकार जाने माने एक्टर आदित्य गुप्ता एवं हीरोइन की भूमिका निशा सिंह निभा रही हैं। इस फ़िल्म में अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अनूप अरोरा, अमित राज, राज आर्यन, विकास कुमार, गोविंदा सहित दर्जनों कलाकार मुख्य भूमिका में है। फ़िल्म में कोरियोग्राफर राज आर्यन उर्फ छोटी ने किया। फ़िल्म का निमार्ण निर्देशक संतोष राणा एव सतीश शीतल के निर्देशन में किया जा रहा है। वही डीओपी का कार्य डीओपी सह सिनोमेटोग्राफर रवि कुमार साहू एव एडिटर का कार्य मुन्ना ठाकुर ने कर रहे हैं। डायरेक्टर संतोष राणा एवम सतीश शीतल ने बताया कि झारखण्ड में फ़िल्म को बढ़ावा देने, हज़ारीबाग़, कोडरमा की हसीन वादियों को फ़िल्म के माध्यम से दिखाने के उद्देश्य से इस फ़िल्म का निर्माण किया जा रहा है। इसकी शूटिंग पाण्डेयबारा, तिलैया डैम, सहित आस पास के क्षेत्रों में किया जाएगा। फ़िल्म की स्क्रिप्ट की जानकारी देते हुए कहा कि भो.



भोजपुरी फ़िल्म दिल्लगी हमार की शूटिंग के एक दृश्य



जपुरी फ़िल्म दिल्लगी हमार दो दोस्तो की कहानी है। जहां दोनो दोस्तो के बेटा एवं बेटी के बीच के प्यार को दर्शाया गया है। जहाँ लड़की अपने बचपन की दोस्त से प्यार करती है। जबकि लड़का किसी और से प्यार करता है। लेकिन घर वालो के दबाब में दोनो की शादी हो जाती है। लेकिन दोनो के बीच अच्छा संबंध नही बन पाता है क्योंकि लड़का किसी और लड़की से प्यार करता है। लेकिन लड़की अपने पति से बेहद प्यार करती है। लेकिन जब उन्हें अपने पति से प्यार नही मिल पाता है तो वह सुसाइड कर लेती है। जब लड़का यानी पति को पता चलता है कि उनकी पत्नी उनसे बेहद प्यार करती है और जब उन्हें अपनाना चाहता है तब तक काफी देर हो चुकी होती है। शूटिंग कार्य मे स्थानीय कलाकार सहयोग कर रहे हैं।

# बरही पुलिस ने इंडिगो कार से 330 लीटर स्प्रिट किया बरामद,चालक को भेजा गया जेल

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रसोइया धमना मोड़ के पास से बरही पुलिस ने स्प्रिट लोड कर बिहार ले जाया जा रहा एक इंडिगो कार को बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार में स्प्रिट लोडकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद रसोइया धमना मोड़ के पास वाहन जांच किया गया। जांच के क्रम में सफ़ेद रंग के टाटा इण्डिगो गाड़ी पंजीयन संख्या JH01Z-5900 को रोका गया। उनसे जब तलासी ली गई तो गाड़ी में 11 काला रंग के गेलन में करीब 330 लीटर स्प्रिट पाया गया। उसे बरामद करते हुए वाहन चालक मो नौसाद पकड़ा गया। इस मामले में वाहन मालिक एवम चालक सहित इस गोरखधंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए चालक को भेजा गया जेल।



पकड़ा गया कार एवं चालक

# ट्रेलर चालक ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रही थाना अंतर्गत कोरियाडीह निवासी बिनोद कुमार कुशवाहा ने 9588037773 नंबर से बात कर रहे व्यक्ति पर गाली–गलौज, गाड़ी जला देने सहित जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगते हुए बरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी को अवगत करवाते हुए कहा कि मैं 24 अक. टूबर को अपने ट्रेलर संख्या जेएच–02 एएल 9124 पर दुर्गापुर बंगाल से लोहे का एंगल व चौनल लोडकर राजस्थान के चुरू सीकर जिला में माल खाली करने के लिए जा रहा था। 25 अक्टूबर को सफर करते हुए बरही तक पंहुचा, इसी बीच 25 अक्टूबर के दोपहर 12 बज कर 33 मिनट में 9588037773 इस नंबर से क०ल आया और पूछने लगा कि माल कब पहुंचेगा, कल तक पहुंच जाएगा क्या? मैंने कहा कल नही पहुंच पायेगा। मैं पूरा प्रयास कर रहा हूं कि माल जल्दी पहुंचा दुं। जिसके बाद उधर से उक्त नंबर 9588037773 पर बात कर रहा व्यक्ति मुझे बहुत भदी भदी गालियां देने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कहा माल जल्दी पहुँचाओं नही तो गाड़ी जला दूंगा, तुमको जान से मार दूंगा, तुमको घर का दर्शन होने नही दूंगा, तुम्हारा सारा नोटंकी झाड़ दूंगा। मैं एक मजदूर ग्रेड का चालक हूं, उक्त प्रकरण से मैं बहुत डर गया हूं, मुझे डर है कि मैं माल लेकर गंतव्य स्थान पर माल गया तो मेरे साथ कोई अनहोनी घटना घट सकती है एवं जान माल की क्षति होने की संभावना है, जिसके वजह से मैं अपना गाड़ी बरही थाना के पंचमाध्व स्थित पंडित लाइन होटल में खड़ा कर दिया हूं। उन्होंने बरही पुलिस से अनुरोध किया है कि मेरे गाड़ी पर लोड माल को ट्रांस्फोटर द्वारा बरही में ही दूसरे वाहन पर सिप्टिंग कर लिया जाए एवं मुझे दुर्गापुर से बरही तक का उचित किराया दिया जाए एवं उक्त विषय के दोषी पर उचित कानूनी कार्यवाही किया जाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



बिनोद कुमार




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनु पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## छह अभियुक्तों के खिलाफ सार्वजिनक स्थानों में चिपका इस्तिहार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


इस्तिहार चिपकाते पुलिस कर्मी

बरही थाना कांड संख्या 231/21 के फरार अभियुक्तों के खिलाफ सार्वज. निक स्थानों में इस्तिहार चिपकाया गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि बरही थाना कांड संख्या 231/21 के नामजद अभियुक्तों में तीन ने आत्म समर्पण किया है। जबकि अन्य छह अभियुक्त फरार है। कोर्ट के निर्देशानुसार बरही के सार्वजनिक स्थलों पर इस्तिहार चिपका कर फरार घोषित किया जा रहा है। जिनके नाम पर इस्तिहार चिपकाया गया है। उनमें राजेश साव, रवि साव, संदीप साव,चन्दर साव, मनोज साव, तिलैया रोड बरही एवं ,अजय साव उजैना निवासी शामिल है। इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि यदि समय सीमा के अंदर फरार अभियुक्त आत्म समर्पण नही करते है। तो सभी के खिलजी कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप में लड़को की टीम ने मारी बाजी, सेमीफाइनल में पहुंची टीम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


सेमीफाइनल मे पहुँची बरही बीएसए की टीम

झारखंड स्टेट शूटिंग बॉल एसोसिएशन द्वारा बोकारो में आयोजित चौंपियनशिप में बरही से हज़ारीबाग की 24 सदस्यीय खिलाड़ियों की टीम में लड़कों की टीम ने बाजी मार ली है। लड़को की टीम ने रांची पर 3-15 पॉइंट से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बना ली। वही लड़कियों की टीम बोकारो से पराजित हो गयी। बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने खिलाड़ियो को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए चौंपियन बनकर लौटें और बरही का नाम रोशन करें। हमारा आशीर्वाद और शुभकामनाएं उनके साथ है। विजेता टीम में अनिल कुमार रजक, अभिषेक कुमार शर्मा, विकास कुमार सिंह, अजित कुमार यादव, सादाब अख्तर, पंकज कुमार यादव, शमशाद आलम, मोती कुमार रजक, अनुज कुमार यादव, सतीश कुमार, मनीष कुमार, अविनाश कुमार शामिल है। वहीं लड़कियों की टीम में सिमरन कुमारी, अर्चना कुमारी, मनीषा कुमारी, अंजलि कुमारी, पूजा कुमारी, अनामिका कुमारी, सोनी कुमारी, स्वेता कुमारी, नीतू कुमारी, अनिशा कुमारी, रिंकी कुमारी, इशिका शामिल है।

## दि आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने दीपावली के अवसर पर किन्नरों से मुलाकात की

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


किन्नरों को तस्वीर सौंपते तारकेश्वर सोनी

प्रतिदिन चल रहे भोजन सह स्वच्छता सह रोजगार कार्यक्रम में आज एक नया आयाम देते हुए पुराने कार्यक्रम को जारी रखते हुए इससे इतर किन्नरों से मुलाकात कार्यक्रम रखा गया। उनके आवास पर जाकर वहां उपस्थित सभी किन्नरों का डॉ अविनाश कुमार मिश्रा ने निःशुल्क नाड़ी परीक्षण किया। इसके साथ ही दीपावली त्योहार के शुभ अवसर पर सभी किन्नरों को साड़ियां, पैंट-शर्ट, बच्चों-बच्चियों के कपड़े एवं सुबह का नाश्ता भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। योग- प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी ने किन्नरों के अभिभावक-स्वरुप सोनी दीदी को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की तस्वीर भेंट की और कहा कि किन्नर अर्द्ध- नारीश्वर के साक्षात रूप हैं।इनका स्थान स्त्री पुरूषों से ऊपर है। शास्त्रों में इन्हें उपदेवता की संज्ञा दी गई है। प्रत्येक पुरुष और महिला के समान समाज में इनकी महत्वपूर्ण भागीदारी हो। शिक्षा स्वास्थ्य, राजनीति और रोजगार में इनकी भागीदारी जरूरी है।

## अरुण साहू ने कृषि मंत्री से की भेंट, सिंचाई एवं कृषि विकास पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


कृषि मंत्री से मुलाकात करते अरूण साहु

कांग्रेस युवा नेता अरुण साहू ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से रांची में मुलाकात की। इस दौरान उन्हा. ेंने बरही विधानसभा क्षेत्र के किसानों और कृषि क्षेत्र के विकास एवं उनकी समस्याओं का निदान हेतु विस्तृत चर्चा की। साहू ने बताया कि बरही की कृषि केवल वर्षा पर आधारित है। ऐसे में किसान मुख्यतः धान की उपज ही कर पाते हैं। वो भी अगर अच्छी वर्षा हुई तो उपज होती है नहीं तो नुकसान ही उठाना पड़ता है। सिंच. ाई की सुविधा का घोर अभाव है। डीप बोरिंग, कुआँ एवं तालाब गहरीकरण होने से किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो पाती एवं वे सालो भर सब्जी तथा अन्य फसलों का उत्पादन कर अपनी आय में बढ़ोतरी कर पाते। मंत्री बादल पत्रलेख ने उन्हें आश्वस्त करते हुवे कहा कि गांव-गांव की अधार संरचना विकसित करने के लिए कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, फंड सहित कृषि में आय को दोगुना करने का भरोसा दिया। किसानों के पैदावार को बढ़ाने, उसके लिए सुगम बाजार उपलब्ध कराने एवं बीज पंजीकरण पर भी विशेष चर्चा हुई। किसान अन्नदाता हैं उनकी हर समस्या का समाधान का प्रयास किया जाएगा। वहीं अरुण साहू ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बीज एवं प्रक्षेत्र गौरियाकर्मा में कार्यरत प्रकाश विश्वकर्मा एवं अन्य कमर्चारियों का वेतन भुगतान संबंधित समस्या का निराकरण पर भी चर्चा हुई।

## मधुमक्खी के हमले से एक व्यक्ति की मौत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**,अजित कुमार**


विलाप करती परिजन

थाना क्षेत्र के ग्राम कपका में गुरुवार को मधुमखियों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। मधुमखियों का हमले इतना भयावह था कि रामेश्वर ठाकुर ,पिता स्व फुचन ठाकुर की मौत मौके पर ही हो गई। बताया जाता है कि मृतक अपने खेत मे आलू का बीज बोने गया। उसी क्रम में मधुमखियों ने उसपर हमला कर दिया। परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया जह० डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खेत के आस पास में काम कर रही कई महिलाएं भी मधुमखियों के हमले में घायल हुई हैं। उन महिलाओं का इलाज स्थानीय निजी क्लिनिक में किया गया।घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।




APEM LIVE

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऑडियो वीडीओ प्रचार सॉंग
बनाने के लिए संपर्क करें:
राज आर्यन उर्फ छोटी , मो0 6203686926

अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चार पशु के साथ वाहन जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा ,अजित कुमार**

गोरहर थाना पुलिस ने चार पशु के साथ एक मैजिक वाहन को जब्त किया हैं। इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी अरुण कुमार ने प्रेस विज्ञापित जारी कर जानकारी दी। उन्होंने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। छापामारी के दौरान टाटा मैजिक जेएच 02बी ए6566 में चार पशु के बरामद की हैं। इसके साथ तीन लोंगो की गिरफ्तारी भी हुई है। गिरफ्तार लोंगो में सुनील राणा पिता बद्री राणा साकिन/थाना बरकट्ठा निवासी, पेक्का मांझी पिता–स्व0 सानू मांझी साकिन–बड़कीटंड थाना–गोरहर निवासी, सालो मियां पिता स्वर्गीय हुसैनी मियां साकिन शिलाडीह थाना–गोरहर निवासी शामिल हैं। गोरहर पुलिस ने थाना कांड संख्या 50/ 21 दिनांक 27–10–21 धारा 414/ 34 भादवी 11(क)पशु क्रूरता अधिनियम 1960 12 गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 दर्ज करते हुवे तीनों को जेल भेज दिया।


गिरफ्तार तस्कर

APEM LIVE

## बक्चुम्बा पंचायत के बिरेखाप के बिरहोर आवास से है महरूम
## जर्जर आवासों में रहने को विवश है बिरहोर परिवार

**अपेम लाइव :चतरा**

कान्हाचट्टी : सरकार जहां आदिम जनजातियों के लिए रहने खाने पर लाखों करोड़ों खर्च कर रही है वहीँ कान्हाचट्टो के एक मात्र पंचायत बिरेखाप जो बक्चुम्बा पंचायत में हैं वहां के बिरहोर जर्जर आवासों में रहने को विवश हैं।बताते चलें कि बिरेखाप में सदियों से आदिम जनजाति बिरहोर के लगभग 18–19 घर परिवार निवास करते हैं।जिन्हें सरकार द्वारा कल्याण विभाग से आज से पन्द्रह वर्ष पूर्व आवास वो भी कुछ लोगो को ही मिला था वह आज जर्जर हो गया है।जर्जर होने के कारण बिरहोरों को कभी जर्जर घर गिरने की भय सताते रहता है।मुनियाँ बिरहोरीन ने बताई की ष्हमनी के आज से दस बारह बरस पूर्व घर मिलल हलै,जे आज एकदम गिरने की स्थिति में हो गेलै हे ओकर बाद भी कोई देखै वाला नै हेथी।वही गुड़िया देवी ने कही की हमनी गिरल परल घर मे रोहो हियै, लेकिन कोई देखै वाला नै हे. थी।हमनी के घर मिल जेतै हेल त रहे में आराम होतै हेल। एक भी कल्याणकारी योजना नहीं है संचा. लित रु– बिरेखाप के बिरहोर कालोनी में कई वर्षो से एक भी कल्याण विभाग का योजना संचा. लित नहीं है।अर्जुन बिरहोर ने बताया कि जे हमर गांव में आओ हथी उ खाली कहो हथी की घरवा बन जातो लेकिन कोई बनावे वाला नै हथि। जर्जर आवासों में रहने को विवश हैं बिरहोर रु– बिरेखाप के बिरहोर परिवार जर्जर आवास में रहने पर मजबूर है।कभी भी जर्जर आवास धरासाई हो सकता है।इनके रोजगारबके भी कोई साधन नहीं है।सभी बिरहोर सुबह होते ही जंगल से दातुन पत्तल लाने जंगल चले जाते है और दातुन को बाजारों में बेच कर अपना पेट पालते है।हालांकि जिनका राशन कार्ड है उन्हें राशन भी मिलता है।


जर्जर घर की स्थिति




## परिषद भाग एक से उम्मीदवारों की लगी झड़ी, पेश कर रहे अपना अपना मजबूत दावेदारी

**अपेम लाइवः चौपारण किशोर राणा**

पंचायत चुनाव के तारीखों का ऐलान होना अभी बाकी है लेकिन आरक्षण सूची जारी होने के बाद से लगातार संभावित उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे है। बात जिला परिषद भाग एक कि करे तो इस बार अनुसूचित जाति अन्य होने के कारण कई मजबूत उम्मीदवार चुनावी क्षेत्र में कूद पड़े है। जानिए चौपारण भाग एक से संभावित उम्मीदवारो के अपने दाव पेंच।


डॉ बालेश्वर

1 चालीस वर्षो तक शिक्षा का जलाया अलख, अब करूँगा समा. जसेवा : डॉ बालेश्वरः शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरुस्कार से समान्नित डॉ बालेश्वर राम ने जिला परिषद भाग एक से दावेदारी पेश करते हुए कहा कि हमने 35 वर्षो तक शिक्षण कार्य करने के बाद 2019 में सेवानिवृत्त हुवा और लगातार समा. जसेवा से जुड़ा रहा। कहा जिला परिषद भाग एक को एजुकेशन हब बनाऊंगा, रोजगार के नए अवसर सृजन करूँगा। सबको साथ लेकर चलूंगा।


सुखदेव पासवान

2 राजनीति से जुड़ा हूँ, अनुभव का उठाऊंगा का लाभ : सुखदेव पासवान 25 वर्षो से सक्रिय राजनीति में रहकर 10 वर्षो तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मुखिया पद व मुखिया संघ अध्यक्ष की जिम्मेवारी संभालने वाले चोरदाहा निवासी सुखदेव पासवान ने भाग एक से दावेदारी पेश करते हुए कहा कि राजीनीति से जुड़ा हूँ और अनुभव का उठाऊंगा लाभ। कहा हमने जनसम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है और हमारी उम्मीदवारी से जनता में खुशी का माहौल है सबका समर्थन मिल रहा है।

3 पिछले चुनाव के हार को भुलाकर इस बार मजबूती से हूँ तैयार :राकेश रंजन : पिछले जिला परिषद चुनाव में महज मामूली अंतर से पराजित होने वाली उम्मीदवार के प्रतिनिधि राकेश रंजन पिछले चुनाव में मिली हार को भुलाकर इस बार मजबूती से चुनावी मैदान में उतारने को तैयार है। राकेश रंजन ने कहा कि चुनाव हारने के बाद भी लगातार जनता के बीच रहा और सुख दुःख का साथी बना रहा। कहा मुझे सभी वर्गो का भरपूर सहयोग मिल रहा है और इस बार मुझे पूरा विश्वाश है कि जनता इस बार मेरे साथ है।


राकेश रंजन

4 युवा सोचए युवा जोश के साथ है तैयार : सोनू दास : पिछले जिला परिषद भाग दो से चुनावी मैदान में उतारने वाले पूर्व प्रमुख पुत्र सोनू कुमार दास इस बार अपना क्षेत्र बदलकर भाग एक से दावेदारी पेश कर चुनावी मैदान में उतरने को तैयार है। कहा युवा सोच व युवा जोश के साथ जनता के बीच जाने को तैयार हूँ। कहा युवाओ का साथ मिला तो असंभव को सभव कर दिखाऊंगा। राजनीति अनुभव का लाभ उठाऊंगा और जीत दर्ज करूँगा।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक : ---29.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतु :---शरद
माह :---कार्तिक
पक्ष :--कृष्ण पक्ष
तिथि :---अष्टमी तिथि दिन 09:20 तक उपरांत नवमी तिथि
दिनः ---शुक्रवार
नक्षत्र :---पुष्य नक्षत्र प्रातः 08:15 तक उपरांत श्लेषा नक्षत्र
योग :---शुभ
करण:---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:26
सूर्यास्त :- संध्या 05:34
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिन :---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :-आज राधा अष्टमी व राधा जयंती है आज मथुरा के राधाकुंड में स्नान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है।



आलेखः-
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660




अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864 , 9122222016

अपेम लाइव न्यूज
संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

जिला : हजारीबाग
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

जिला : चतरा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

जिला : कोडरमा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है–
कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्र: 9550809864 , 9431129570 , 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

# आईपी भारती ने सड़क की मरम्मत करवाई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा ,अजित कुमार**



सडक मरम्मती करवाते

ऐसे समय मे जब कोई किसी की परेशानी को ध्यान नही देता ऐसे वक्त में बरकट्ठा में शिक्षा विद आईपी भारती ने प्रखण्ड क्षेत्र में दर्जनों ग्रामीण रास्तो को अपनी निजी खर्च से चलने लायक बनवाया इसी कड़ी में प्रखंड के चुगलामो पंचायत के ग्राम घसकोडीह के मुख्य मार्ग जो डपोक होते हुये झुमरीतिलैया जाती है। इस सड़क की हालत बहुत खराब थी सड़क कही से पता ही नहीं चलता था ।स्थानीय युवकों ने इसकी जानकारी बरकट्ठा के समाजसेवी और शिक्षाविद व अपेम संरक्षक आई.पी. भारती को दिया उन्हा. ेंने तुरंत अपने निजी खर्च कर सड़क को मिट्टी मोरम करवा कर चलने लायक बनाया। स्थानीय लोगों में इस बात का हर्ष का माहौल है उन्होंने आ. ईपी भारती के प्रति अपना आभार प्रकट किया । श्री भारती ने स्थानीय लोगों को वचन दिया कि किसी भी प्रकार का सेवा का आवश्यकता हो हमें सूचित हम और हमारी टीम तत्परता के साथ 24 घण्टे आपके साथ खड़ी है।मौके पर विजय चौधरी ,सनोज चौधरी,विकाश चौधरी, सोनू, सुरेश समेत लोग उपस्थित थे ।

# डीलरों के द्वारा धोती साड़ी, लुंगी का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा ,अजित कुमार**




साडी धोती/लुंगी वितरन करते हुए

प्रखंड के बरकट्ठा उतरी पंचायत, बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना का शुभारंभ किया गया। जन प्रणाली दुकान सहदेव यादव की दुकान पर बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया मुंशी पासवान व पीडीएस दुकान राहुल गुप्ता व बीरेंद्र रजक, की पीडीएस दुकानों पर मुखिया बसन्त साव के द्वारा मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत 10 रुपए में धोती साड़ी, लुंगी, लाभुकों के बीच वितरण किया गया मौके पर मुखिया द्वय ने बताया कि सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना रोटी कपड़ा व मकान की तर्ज पर है विशेष कर वैसे लाभुक जो नए कपड़े त्योहारों में नही ले पाते उन्हें विशेषकर इस योजना का लाभ मिलना चाहिए उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा यह योजना को चालू करने से गरीब लोगों को काफी फायदा हो रहा है तथा पिछड़े और दलित वर्ग को इसका लाभ मिलने से काफी हर्षोल्लास देखा जा रहा है। इस प्रकार के योजना को चालू करने से गरीबों के बीच वस्त्र का अभाव जो होता है उसे दूर किया जा सकता पीडीएस दुकानदारों ने कहा हमारे क्षेत्र में सभी कार्ड धारकों को एक, दो दिनों के अंदर धोती साड़ी योजना का संपूर्ण वितरण कर दिया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण मेला में 22 समूहों के बीच 22 लाख का ऋण वितरण, आर्थिक समस्या दूर करने में होगा सहायक

**अपेम लाइव : चँदवारा धीरज कुमार**



ऋण वितरन मेला मे उपस्थित महिलाएँ

चंदवारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में स्वयं सहायता समूह ऋण वितरण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय गिरिडीह से आए मुख्य प्रबंधक शिशिर कुमार, उप प्रबंधक सुबोध कुमार व शाखा प्रबंधक स्नेहा सोसन कुजूर ने पिपराडीह व बिरसोडीह पंचायत के 22 सखी मंडलों को एक-एक लाख रूपये ऋण मुहैया कराया। इस दौरान उन्होंने सभी आजीविका सखी मंडल के सदस्यों को ऋण से संबंधित पासबुक सौंपा। मौके पर मुख्य प्रबंधक शिशिर कुमार ने कहा कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित क्षेत्र के विभिन्न सखी मंडलों के सदस्यों की आर्थिक उन्नति के लिए भारतीय स्टेट बैंक सरकार के गाइडलाइंस के अनुसार उनके बीच ऋण वितरण कर महिलाओं के आर्थिक विकास और उनकी उन्नति के लिए कम ब्याज दर पर ऋण मुहैया करा रही है। वहीं शाखा प्रबंधक स्नेहा सोसन कुजूर ने कहा कि जिस सखी महिला मंडलों को ऋण मुहैया कराया गया है अगर उनके सदस्यों द्वारा सुचारू रूप से ऋण का आदान-प्रदान करेंगे तो अगले वर्ष ऋण की राशि को बढ़ाकर दोगुना कर दी जाएगी। मौके पर पिपराडीह पंचायत के मुखिया धीरज कुमार ने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा उनके पंचायत की महिलाओं का उत्थान का कार्य किया जा रहा है। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक का योगदान सराहनीय है। उन्होंने सभी सखी मंडल के सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि वह बैंक द्वारा दी गई ऋण की राशि को अपने आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में लगाकर अपना तथा पंचायत का को उन्नति की राह पर ले जाएं। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रमोद कुमार, बैंक सखी अंजू देवी, जेबुन निशा, संजीदा खातून, नरगिस खातून, प्रमिला देवी, सरिता देवी, सविता देवी, माया देवी, रंजू देवी, रंजू देवी, मालती देवी, बबीता देवी, चांदनी देवी, संजू देवी, चंद्रिका देवी, पुष्पा देवी, पनवा देवी, नीतू देवी, सोनी देवी, देवंती देवी, संगीता देवी सहित भारी संख्या मैं महिलाएं मौजूद थी।

# तम्बाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसका नियंत्रण जरूरीरू : अरुण चौधरी

## तम्बाकू विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, सेजल, लक्ष्मी एव तन्नू पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




पुरूस्कृत करते प्राचार्य अरूण चौधरी

बरही स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण हजारीबाग के तत्वाधान में कक्षा 10 के बहनों बीच तंबाकू विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। तंबाकू क्या है? एवं उसके उपयोग से होने वाले गंभीर बीमारियों का जिक्र भी किया गया। साथ ही तंबाकू नियंत्रण को लेकर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें बहन सेजल कुमारी को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय एवं तन्नू कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार के रुप में उपस्थित सभी भैया बहनों को पेन दिया गया एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर तंबाकू नियंत्रण परामर्शदाता पदाधिकारी हजारीबाग रेहान जामी विशेष रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने तंबाकू उपयोग से होने वाले विभिन्न दुष्परिणामों की जानकारी सभी बच्चों के बीच रखते हुए सभी को इससे बचने की सलाह दिए।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि सभी को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि हमारे भावी पीढ़ी तंबाकू के प्रयोग से बच सकें। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान को चलाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती जुली कुमारी और कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया।

# भाजपा महामंत्री सुमन गिरी को मिली बेल कार्यकर्ताओं ने जताया ख़ुशी

**अपेम लाइव : बडकागॉव अमित मालाकार**



सुमन गिरी

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के महामंत्री सुमन गिरी को हजारीबाग जिला सत्र न्यायालय से बेल मिल गई । बेल कराने में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता दामा. ेदर सिंह, भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव एवं मंडल अध्यक्ष खेमलाल का अहम योगदान रहा। वहीं बेल कराने के लिए आज हजारीबाग मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, महामंत्री दिनेश करमाली व मंत्री विनोद महतो स्वागत के लिए पहुंचे। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि महामंत्री सुमन गिरी को सत्ता दल के लोग साइबर एक्ट के तहत बेवजह फंसाने का काम किया व परेशान किया गया । इस अवसर पर भाजपाइयों ने दी बधाई दी है बधाई देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि बा. लेश्वर कुमार, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, सांसद प्रतिनिधि जुगनू सिंह, रामपति राम, श्रीकांत नि. राला, मंडल कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अरुण मालाकार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गौतम वर्मा, विजय यादव, महामंत्री दिनेश करमाली, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, जय नारायण प्रसाद, अशोक कुमार, आदित्य साहू सोनी, पूनम साहू, अशोक साव, किशोर राणा, विनोद महतो, कृष्णा गुप्ता, शिबू मेहता, उदय मेहता, मनीष पांडे, मनोज प्रभाकर, बिनोद महतो, नंदकिशोर मेहता, भुपाल स्वर्णकार, बढ़न तुरी, मुमताज अंसारी, प्रेमलाल महतो, तुफान करमाली, अकल मुंडा, दामोदर महतो समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

# विधायक ने सोना सोबरन योजना के तहत धोती, लुंगी साड़ी का वितरण किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव अमित मालाकार**



साडी धोती/लुँगी का वितरन करते हुए

बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ पंचायत के ग्राम पिपराडीह मे मंगलवार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मुखिया अशोक महतो की अध्यक्षता में विधायक अंबा प्रसाद ने धोती साड़ी का वितरण किया। कार्यक्रम में दर्जनों राशनकार्ड अब अंत्योदय कार्डधारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने अंबा प्रसाद ने कहा कि धोती-साड़ी योजना की शुरुआत पहले ही हुई थी जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था जिसे वर्तमान के महागठबंधन वाली सरकार के द्वारा गरीब जनता को तन ढकने के लिए फिर से सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना शुरू की हैद्य इस महत्वाकांक्षी योजना से साल में दो बार 10 रुपए में इस योजना का लाभ गरीब जनता को मिलेगाद्य आगे उन्होंने कहा कि झारखंड वासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं राज्य सरकार ऐसे ही वं. चतों को जरूरी सुविधाएं देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैद्य मौके पर विधायक अंचल एवं ब्लाक प्रभारी सुरेश महतो, मुखिया अशोक महतो, राजेश यादव, सोनू यादव, अख्तर अंसारी, सुरेश भुइया, बा. बूलाल यादव,बबलू यादव, सीटन भुइयां, नईम अंसारी, अब्बास अंसारी, निधि देवी,आशा देवी,शकुंतला देवी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# गौरिया कर्मा निचितपुर के ग्रामीणों ने बैठक कर जीप उम्मीदवार बिमला देवी को दिया समर्थन

**अपेम लाइवः बरही सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



जनसंपर्क अभियान चलाते रामचन्द्र यादव

गौरियाकरमा के ग्राम निचीतपुर में जिला परिषद के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन शिव शिव मंदिर प्रांगण निचीतपुर में हुई। जिसका जिसकी अध्यक्षता भूल यादव ने किया। जिसमें जिला परिषद उम्मीदवार विमला देवी को अपना समर्थन देने का वचन दिया। साथ ही साथ वहां जनता ने भरोसा दिलाया कि हम लोग जात पात राजनीति ऊपर उठकर अपना मत का प्रयोग करेंगे और विमला देवी को भारी मतों से विजय बनाएंगे । बहुत से ग्रामीण जनता जन प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित थे। जिसमें से भूलन पासवान , बबलू सिंह, सुनील सिंह ,किशन यादव, म्हारो पासवान, जितेंद्र रजक , धनपाल पासवान, बलदेव पासवान, ननका भुइयाँ, विनोद कुमार, छोटन सिंह ,रवि सिंह ,भुनेश्वर पासवान, कुलेश्वर, दीपक यादव, यादव दुलारी, सरजू पासवान ,महेंद्र चंद्रवंशी, बागरी पासवान ,तुलसी भुइयां ,ननका भुइयाँ, अनिल कुमार, यादव ,दीपक कुमार यादव, जितेंद्र रामानी आदि लोग मौजूद थे।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विहंगम योग संस्थान द्वारा इचाक में रक्तदान शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : इचाक**

इचाक में दिन गुरुवार को विहंगम योग संस्थान द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन एवं हजारीबाग मेडिकल कॉलेज द्वारा इचाक के हदारी ग्राम में विहंगम योग सत्संग भवन में विज्ञान देव जी महाराज के जन्म उत्सव पर उत्साह पूर्वक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अ अंकित श्वेत ध्वज निर्मल जैन द्वारा फहरा कर किया गया । साथ ही विश्व शांति हेतु वैदिक एक कुंडीय महायज्ञ का आयोजन भी विद्यार्थी दयाशंकर द्वारा संपन्न कराया गया । रक्तदान का आरंभ धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया तत्पश्चात देवेंद्र कुमार, उमेश कुमार, डॉक्टर महादेव प्रसाद मेहता, संजय कुमार मेहता , प्रमोद कुमार, मनोज कुमार , दीपक यादव, रामचरित्र प्रसाद मेहता , रूपलाल प्रसाद मेहता, कौशल्या देवी, महेंद्र प्रसाद मेहता, दुर्गा प्रसाद, रवि शंकर, प्रकाश कुमार शर्मा, महेश महतो , शंकर कुमार, राहुल पांडे , विनोद कुमार, श्रुति देवी ,पूनम कुमारी, परमेश्वर कुमार ,चंदन कुमार , सुनील कुमार, सिद्धेश्वर गोस्वामी, गौतम कुमार गुप्ता , शुभम कुमार केसरी , अभिषेक कुमार , राजन प्रसाद , नरेश प्रसाद मेहता और सुरेश कुमार आदि 31 लोगों ने रक्तदान किया समस्त रक्त दाताओं को, संस्थान के कल्याण मंत्री, (उत्तरी झारखंड) नागेश्वर प्रसाद मेहता द्वारा आश्रम द्वारा निर्मित सुकृत च्यवनप्राश का वितरण किया गया । रक्तदान के पश्चात व०लंटरी ब्लड डोनेशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए , उन्हे तथा आयोजकों को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया । इस शि. विर को सफल बनाने हेतु संस्थान के संयोजक संतोष कुमार , सहसंयोजक राजेंद्र प्रसाद , कल्याण प्रभारी मथुरा प्रसाद मेहता, इचाक प्रभारी परमेश्वर प्रसाद मेहता, सदर प्रभारी दयानंद प्रसाद ,स्वर्वेद प्रभारी गोविंद प्रसाद, कार्तिक प्रसाद, महेश प्रसाद मेहता, प्रचार प्रभारी डा. ॅक्टर महेश प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप बीरबल प्रसाद मेहता , सुनील कुमार मेहता , रीता देवी, गीता देवी, कौशल्या देवी , विमला देवी गौतम कुमार, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति, निहाल राज ,अजय कुमार, सुरेश पंडित और उदित प्रजापति का विशेष योगदान रहा ।



रक्तदान करती महिलाएँ








**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्यो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सोना सोबरन योजना के तहत धोती साडी और लुंगी का किया गया वितरण

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



साड़ी, धोती, लुंगी वितरण करते

चूरचु प्रखंड अन्तर्गत पंचायत चनारो के ग्राम चनारो और चीचीखुरद में सोना सोबरन योजना के तहत धोती साडी और लुंगी का वितरण किया गया। जिसमें इन महिला ग्रुपों 1. विमला महिला विकास संघ चनारो 2. देवचरण महतो 3. खुशी महिला विकास संघ चीचीखुरद के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण पीडीएस डिलर द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य रूप से चुरचू प्रखण्ड उप प्रमुख चौलेशवर महतो, चनारो पंचायत मुखिया रेशमी देवी, चनारो पंचायत उप मुखिया जितन सोरेन, वार्ड सदस्य बेबी देवी, पुर्व वार्ड सदस्य धानेशवर सिंह, जुगेशवर महतो, सुरेश भुइयां, सुरज देव कुमार, लाल देव मांझी, मनोज सोरेन, यशोदा देवी, चंचला देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने सोना सोवरण योजना के तहत बांटी साड़ी-धोती

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



साड़ी, धोती, लुंगी वितरण करते

बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत मुखिया मुंशी पासवान ने सोना सोबरन योजना के तहत लोगों के बीच धोती साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। जन वितरण प्रणाली दुकानदार राजु यादव के 497 लाभुक और डीलर अख्तर अंसारी के 206 लाभुकों को मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच साडी,धोती वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजना के तहत गरीब लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। पिछड़े और दलित वर्ग को इसका लाभ मिलने से लोग हर्षित हैं। मौके पर खलील अंसारी, शहजाद अंसारी, बौधा साव, सुरेन्द्र यादव, चरका मोदी, मेहरुन खातुन, बसीरन खातुन, सायरा खातुन, मंजू देवी, त्रिवेणी ठाकुर, अब्दुल करीम, रुबी देवी, रेणु देवी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## सखुआ लदा पिकअप वाहन वन विभाग ने किया जब्त
## दो लोगो को किया गया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



बरामद किया गया लकडी

चुरचू दारु वन क्षेत्र के आंगो बीट के लारा कोनार नदी के समीप रेंजर विजय प्रसाद के दिशा निर्देश पर वनपाल रामानंद राम के देखरेख में 16 सखुआ बोटा लकडी पिकप वाहन बरामद किया गया। वाहन संख्या श्री 02ाज 8606 के साथ बंटी राणा पोता व तुलसी राणा रेवार गांव के निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस छापामारी अभियान में अवर वनरक्षी कुमार, कुंदन आशीष कुमार, दिनेश कुमार, पांडेय, मुकेश पंकज कुमार ,दीपक कुमार शामिल थे।

## सेवानिवृत्त एचएम व समाजसेवी ने विद्यालय का लिया जायजा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**




आदिवासी विकास उच्च विद्यालय

शिलाडीह पंचायत अंतर्गत आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह का गुरुवार को सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वासुदेव चंद्र यादव, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा के शिक्षक राजेंद्र वर्णवाल तथा समाजसेवी नंदलाल मंडल द्वारा विद्यालय का जायजा लिया गया। जायजा लेने पहुंचे आगंतुकों द्वारा विद्यालय के वर्ग कक्षों का अवलोकन किया गया ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा वस्तु स्थिति से आगंतुकों को अवगत कराया गया। आगंतुकों ने कहा कि कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को विद्यालय के जीर्णोद्धार तथा स्थाई प्रस्वीकृति दिलाने के लिए उन्हें अवगत कराया जाएगा ।मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ने बताया कि वर्ग कक्ष के निर्माण तथा बेंच डेस्क के लिए मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पूर्व में भी अवगत कराया गया है किंतु अब तक कोई अमल नहीं किया गया ।विदित हो कि यह विद्यालय वित्त रहित है जिसके कारण विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की हालत दयनीय है । संसाधन की अनुपलब्धता के कारण वर्ग कक्ष व बेंच डेस्क जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गए हैं।

## जमींदोज हो रहे है करोड़ो की लागत से बनाएं गए शौचालय

**अपेम लाइव : धनवार**
**शाहिद अंसारी**



जमींदोज हो रहे शौचालय

स्वच्छ भारत मिशन ग्रमीण के तहत शौचालय निर्माण के लिए अनुदान पर करोड़ो रूपये खर्च करने के बावजूद आधे से अधिक कि आबादी आज खुले में शौच कर रहे है, सरकारी संकल्पों के मुताबिक धनवार प्रखंड को खुले में शौच मुक्त घोषित कर दिया जा चुका है । और आलम यह है कि सरकार के लाख कोशिशों के वाबजूद लोग बाहर में ही शौच जाते है। शौचालय के उपयोग को लेकर गांव , पंचायत एवं प्रखंड तक बै. ठकों का दौरा चलाया गया। हालांकि पहले हालत सुधरे जरूर है, लेकिन पंचायत के कई गांवों में मनरेगा और पीएमईडी से रुपये दे कर शौचालय बनाए गए हैं, बने शौचालय में से पचास फीसदी से भी कम शौचालय का मात्र उपयोग हो रहा है, इन शौचालयों की वास्तविक उपयोग को ले कर प्रशाशन को जांच जरूर करनी चाहिए ।

## ग्रामीणों की आस, मनरेगा से विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय अवस्थित बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में गुरुवार को महारोजगार दिवस का आयोजन पत्रांक 1142 के आलोक में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रधान बसंत साव के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मनरेगा के अंतर्गत श्ग्रामीणों की आस ,मनरेगा से विकासश के तहत ग्राम सभा की गई । ग्राम सभा में ज०ब कार्ड रिनुअल, तथा नए योजना का चयन किया गया । मौके पर पंचायत प्रधान बसंत साव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा, शंभू यादव, महेश मंडल, बंसी यादव, पंचानंद लाल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की आस, मनरेगा से विकास के तहत बादम पंचायत भवन में बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बैठक मे शामिल लोग

ग्रामीणो की आस मनरेगा से विकास ,रोजगार महा दिवस के तहत बादम पंचायत भवन में रोजगार सेवक फजलुर रहमान के अध्यक्षता में बैठक किया गया । जिसमे मनरेगा के तहत पंचायत के सभी गरीब महिलाए को ज०ब कॉड मेट दिया गया। पंचायत में मनरेगा से जो र्काय हो रहा है उन सभी योजनाओं का जाँच कर जो मजदुर बाहर में है उस मजदूर को अपने पंचायत में ही मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार देने की योजना है। पंचायत के ज०ब कार्ड धारी महिलाए को डोभा, कुप, र्वमी कम्पोस्ट, टी सी बी का र्काय पंचायत में ही मन. रेगा के तहत काम दीया जाएगा। ग्रामीणों की आस, मनरेगा से विकास कार्यक्रम में मुख्य रुप से रोजगार सेवक फजलूर रहमान, पंचायत समिती सदस्य प्रतिनिधी राजा खान, र्वाड सदस्य संतोष मह्तो, सरिता देवी, त्रिलोकी साव, शारिक अहसन, शाँति देवी, सुर्फेद्र महतो, अफरोज, आमीर, बिरेंद्र महतो, आनंद महतो, मो रेहान, तमसील, जितेंद्र, लालो साव, बिनोद राम, चंद्र देव राम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मवि को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



मिथिला पटेल

प्रखंड के मड़मो में उच्च विद्यालय के नहीं होने से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 10 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिला परिषद कार्यकारी समिति सदस्य विष्णुगढ़ पूर्वी मिथिला पटेल को अवगत कराया। इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि इस पंचायत के बच्चों को 10 किमी दूरी तय कर चानो या सारूकुदर जाना पड़ता है। मड़मो एवं बरवाडीह में उमवि है। इनमें लगभग 600 बच्चे अध्ययनरत हैं। इसे लेकर उन्होंने जिला शिक्षा पदा. धिकारी से उमवि मड़मो को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग की है।

**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**

**संपर्क-9431129570**

दिनांकः 28-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## हरली पैक्स चुनाव : 12 नवंबर को मतदान

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करते पिंटू कुमार

हरली पैक्स समिति गठन चुनाव को लेकर गुरुवार को पैक्स कार्यालय हरली में नामांकन कार्य सहका. रिता पदाधिकारी मुरलीधर बिरुवा के देखरेख में किया गया। पिंटू कुमार सहित नौ लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराया जिसमें एक का नामांकन रद्द हुआ जबकि 3 लोगों ने नाम वापस ले लिया। अध्यक्ष पद के लिए अब मैदान में कुल 5 लोग शेष रह गए। इसके अलावा 21 लोगों ने सदस्य पद के लिए भी नामांकन किया जिसमें 11 लोग मैदान में हैं। मतदान 12 नवंबर को हरली पैक्स कार्यालय में होगा। नामांकन करने वालों में मुख्य रूप से पिंटू कुमार, नरेश कुमार, टिकेश्वर कुमार, भुनेश्वर महतो, अजय कुमार दांगी, सदस्य पद के लिए विनय कुमार दांगी, जमुना कुमार, हुकुम कुमार दांगी, चुरामन राणा, अमेरिका साव, अनीता देवी, गीता देवी, तुलेश्वरी देवी, सुनीता देवी, फुलवा देवी, मीना देवी, बबीता कुमारी के अलावा अन्य लोगों ने नामांकन किया।

## बड़कागांव में विधायक ने माही 99 मार्ट का उद्घाटन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



उद्घाटन में शामिल विधायक अंबा प्रसाद

हजारीबाग रोड स्थित भूलन साव के पुत्र राजेश गुप्ता के मकान में माही 99 मार्ट का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव भी अब धीरे-धीरे मार्केटिंग का कार्य में आगे बढ़ रहा है। मौके पर उप. स्थित लोगों में प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो ,सुरेश महतो, जमाल सगीर, प्रोपराइटर नरेंद्र कुमार, रामपति राम, नकुल महतो, रघुनाथ राम, लालमणि महतो, गौतम कुशवाहा, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद अख्तर, रोहित सिंह, सफीउल्लाह, उदित कुमार, कामेश्वर कुमार ,रा. जेंद्र कुमार ,गोकुल संजय महतो, सूरज कुमार, डॉ रंजीत पंडित, हरीश चंद्र प्रसाद, पारस कुमार सोनी, प्रदीप कुमार, दर्शन कुमार के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सोना सोबरन धोती, साड़ी, लूंगी सांढ़ पंचायत में लाभुकों के बीच हुआ वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



साड़ी, धोती, लुंगी वितरण करते

बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ पंचायत में सोना सोबरन धोती साड़ी लूंगी का वितरण राशन कार्ड धारियों के बीच जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद व प्रभारी मुखिया कैलाश महतो , पसस बासमती एंव कांग्रेस प्रशासनिक प्रभारी गिरेंद्र प्रसाद, कांग्रेस युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष आनंद कुमार , वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान के हाथों राशन कार्ड धारी लाभाकुओं के बीच वितरण किया गया। इस दौरान जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद एवं प्रभारी मुखिया , बासमती , गिरेंद्र प्रसाद ने कहा कि कोरोना काल समय गरीबों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर वस्त्र का वितरण किया जा रहा है।छठ महापर्व पूजा पाठ में वस्त्र पहन कर खुशी महसूस करें। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, प्रभारी मुखिया कैलाश महतो,पसस बासमती देवी कांग्रेस प्रखंड प्रशासनिक प्रभारी गिरेन्द्र प्रसाद, वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, दशरथ महतो, डीलर संजय महतो , जुगेश्वर महतो, अशोक चौधरी, जुगेश्वर रविदास, टेकलाल कुमार, कांग्रेसी युवा प्रखंड उपाध्यक्ष आनंद कुमार, देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार ,बंधु प्रसाद के अलावा अन्य लोग उप. स्थित थे।

## वित्त आयोग की राशि से विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं की मांग

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते विष्णुगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ विष्णुगढ़ इकाई ने गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रखंड अध्यक्ष ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का परिचय करवाया। इसके बाद शिक्षक संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ को 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि से विद्यालय से सं. बंधित आधारभूत एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु ज्ञापन सौंपा। प्रति. निधिमंडल में मुरली मनोहर दास, ज्ञानाम्बुद, पंकज कुमार मंडल, अब्दुल मालेक, महेश वर्मा, रितेश कुमार पांडेय, नन्दलाल रविदास, भुनेश्वर ठाकुर, सुदामा मालाकार, रिंकु कुमार रविदास, सुनील नापित, सब्बीर अंसारी, विकास कुमार, रमेश कुमार महतो, अर्जुन मोदक, रामाशंकर पण्डित, विनोद रजवार आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का विष्णुगढ़ में स्वागत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**

**मिथिलेश गोल्डी**



दीपक प्रकाश का स्वागत करते कार्यकर्ता

हजारीबाग से गिरिडीह प्रवास में जाने के क्रम में गुरुवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का विष्णुगढ़ में मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल की अगुवाई में विष्णुगढ़ में स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इंटर क०लेज सभागार में प्रदेश अध्यक्ष को विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने श०ल देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत प्रखंड के कोरोना वारियर्स को उन्होंने श०ल ओढ़ाकर तथा 147 बुजुर्ग, असहाय एवं गरीब किसानों को कंबल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो जननायक एवं आंदोलनकारी व्यक्तित्व के नेता थे। उनकी जन्मभूमि पर आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। प्रखंड के कार्यकर्ताओं का मनोबल देखकर उत्साहित हूं। कहा कि कोविड काल में कोरोना वारियर्स की समर्पण भाव से सेवा का नतीजा रहा कि भारत ने कोरोना पर नियंत्रण कर लिया। उन्हीं की बदौलत आज भारत में 100 करोड़ से अधिक लोगों का वैकि. सनेशन संभव हो पाया है। ये कोरोना वारियर्स बधाई के पात्र हैं। मांडू विधायक जेपी भाई पटेल के रूप में मुझे अच्छा सहयोगी मिला है। इनके नेतृत्व में मांडू विस का पूरा विकास हो. ागा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष केबी मंडल ने की। मौके पर झारखंड प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह व सुरेश साव, जिलाध्यक्ष अशोक यादव, चंद्रनाथ भाई पटेल, माण्डू विस सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद, शंभुनाथ पांडेय, गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, हिरामन महतो, जीवन सोनी, राजेश सोनी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कर्णपुरा कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल लोग

कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के कमरों, बरामदा एवं प्रांगण की सफाई किया। कार्यक्रम स्वच्छ भारत के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का दायित्व लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने स्वयंसेवकों से कहा कि सफाई के साथ-साथ महाविद्यालय को सुंदरीकरण एवं प्लास्टिक मुक्त रखना है। देश स्वच्छ होगा तो निश्चित ही विकास होगा क्योंकि स्वच्छता ही विकसित देशों की पहचान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर मोहम्मद फजरुद्दीन, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर ललिता कुमारी, स्वयसेवकों में गौतम चौधरी ,ललन कुमार, राज कुमार दिनेश कुमार ,अंगिरा कुमारी मुस्कान, आरती कुमारी, राजकुमार , दीपक कुमार मोनिका कुमारी, आरती कुमारी निराशा, आंचल, खुशबू कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## बड़कागांव लिबास मॉल मे गोली चलने की घटना को लेकर मालिक व वर्करों से मिली विधायक अंबा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



लिबास मॉल के वर्करों से मुलाकात करते विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित लिबास शॉपिंग म०ल के बाहर दिन मंगलवार शाम को गोली चलने की घटना को लेकर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद म०ल के मालिक एवं वर्करों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मॉल के मालिक कल्लू खलीफा एवं उनकी पत्नी ने विधायक को घटना की सारी जानक. ारी दी एवं कहा कि गोली चलने के बाद से हम सभी परिवार सहमे हुए हैं। हमें सुरक्षा चाहिए .मौके पर इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी गौतम कुमार, जेएसआई अजीत कुमार समेत अन्य पु. लिसकर्मी मौजूद थेद्य मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि गोली चलने की घटना से म०ल के मालिक व उनके परिजन काफी सहमे हुए हैं, इनके म०ल एवं बड़कागांव मुख्य चौक वाली दुकान व घर मे सुरक्षा बल दिया जाए द्यविधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्व की बढ़ोतरी हो रही है जो काफी चिंताजनक है। ऐसे अपराधियों को यथाशीघ्र चिन्हित कर पकड़ना आवश्यक हो गई है। क्योंकि क्षेत्र में लोग दहशत में जी रहे हैं द्य आगे उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना को लेकर एवं क्षेत्र में कारोबारियों को मिल रहे लगातार धमकियों के संबंध में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। एवं उन पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने हेतु मांग भी की हैद्य मौके पर मौजूद बड़कागांव थाना प्रभारी ने विधायक को जानकारी दी कि हम लोग हर तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। बहुत जल्द ही अपराधी गिरफ्तार हो जाएंगे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- धनंजय कुमार   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार